INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 **3rd Lang.**	**Department: Hindi**	**Date of submission:**
Question bank and Grammar	Topic: 1 **-** भारत है मेरा घर	**Note:** **Please complete your work.**

प्रश्नोत्तर

1. रानी बिटिया का घर किस शहर में था?

उत्तर= रानी बिटिया का घर दिल्ली में था|

2. रानी बिटिया किन-किन स्थानों से घूमकर आई थी?

उत्तर= रानी बिटिया चंडीगढ़, जयपुर और रामेश्वरम से घूमकर आई थी|

3. माँ ने रानी बिटिया से क्या पूछा?

उत्तर= माँ ने रानी बिटिया से पूछा कि तुम घर से बाहर कहाँ गई थी|

4. रानी बिटिया ने क्यों बोला कि वह घर के अंदर थी?

उत्तर= रानी बिटिया ने इसलिए बोला कि वह घर के अंदर थी क्योंकि उसके लिए पूरा भारत ही उसका घर है|

5. 'भारत है मेरा घर' कविता के कवि का नाम लिखिए|

उत्तर= 'भारत है मेरा घर' कविता के कवि का नाम निरंकार देव 'सेवक' है|

6. इस कविता का नाम (शीर्षक) क्या है?

उत्तर= इस कविता का नाम (शीर्षक) भारत है मेरा घर है|

7. माँ क्यों समझ रही थी कि रानी बिटिया झूठ बोल रही है?

उत्तर= माँ समझ रही थी कि उसका घर तो केवल दिल्ली में ही है| लेकिन बिटिया तो दिल्ली से रामेश्वरम तक घूमकर आई थी फिर भी वह बोल रही थी कि वह अपने ही घर में थी | तब बिटिया ने बताया कि मेरा घर दिल्ली ही नहीं पूरा भारत है|

अभ्यास (*Exercises*)

1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option -*

क. रानी बिटिया कहाँ से घूमने निकली थी?

दिल्ली से　　चंडीगढ़ से　　जयपुर से　　रामेश्वरम से

ख. चंडीगढ़ से रानी बिटिया कहाँ गई?

जोधपुर　　जयपुर　　उदयपुर　　राजकोट

ग. रानी बिटिया घर किसे कहती है?

अपने गाँव को　　अपने घर को

भारत को　　अपने स्कूल को

Ans.= क. दिल्ली से　　ख. जयपुर　　ग. भारत को

2. शहरों को उनके राज्यों के नाम से मिलाइए |

Match the cities with their states-

शहरों के नाम		राज्यों के नाम
क.	चंडीगढ़	i कर्नाटक
ख.	जयपुर	ii पंजाब
ग.	रामेश्वरम	iii तेलंगाना
घ.	हैदराबाद	iv राजस्थान
ङ.	बेंगलुरु	v तमिलनाडु

उत्तर= क. पंजाब, ख. राजस्थान, ग. तमिलनाडु, घ. तेलंगाना, ङ. कर्नाटक

व्याकरण (**Grammar**)

1. पर्यायवाची शब्द लिखिए|

घर	-- सदन, गृह	माँ	-- माता, जननी
देश	-- वतन, राष्ट्र	बेटी	-- सुता, पुत्री
धरती	-- धरा, पृथ्वी	औरत	-- महिला, नारी
पानी	-- जल, नीर	हवा	-- वायु, पवन

2. दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए :-

सुंदर	=	सुंदरता	शीतल	=	शीतलता
सफल	=	सफलता	वीर	=	वीरता
मनुष्य	=	मनुष्यता	मित्र	=	मित्रता
बच्चा	=	बचपन	शत्रु	=	शत्रुता

3. अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए | *Write the English meaning -*

बिटिया	-	Daughter	बाहर	-	Outside
माँ	-	Mother	अंदर	-	Inside
झूठ	-	Lie	सच	-	Truth
लौटना	-	Come back	सरासर	-	Utterly

4. शुद्ध वर्तनी लिखिए (शब्द शुद्धि)|

अशुद्ध	-	शुद्ध
भाहर	-	बाहर
बीटीया	-	बिटिया
जूठ	-	झूठ
दिलली	-	दिल्ली
अनदर	-	अंदर
पूचना	-	पूछना
बारत	-	भारत
पहुंच	-	पहुँच

☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺